प्रेस-नोट

थाना रक्सा-जनपद झाँसी

दिनाँक-30.08.2025

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण,**
- **चोरी गए ट्रक सहित शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक 29.08.2025 को थाना रक्सा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त ट्रक ड्राइवर गुलबदीनखान पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी ग्राम देवली थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को चोरी किये गये ट्रक (GJ16 Z9460) के साथ ग्राम ढिकौली हाइवे रोड़ से सिद्ध बाबा मंदिर को जाने वाले तिराहे से गिरफ्तार किया गया। उक्त ट्रक चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना रक्सा पर पंजीकृत अभियोग में सुसंगत धाराओं का समावेश करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनाक 27.08.2025 को एआरटीओ श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल मय हमराह के थाना रक्सा पर उपस्थित होकर 01 ट्रक (GJ16 Z9460) को नियमों का उल्लंघन करने, बिना परमिट व अन्य अपराध में लाकर दाखिल किया गया। जिसको थाना परिसर में पर्याप्त स्थान न होने के कारण थाना परिसर से लगे हुए खुले स्थान में रोड़ के किनारे खड़ा कराया गया था। दिनांक 28/29.08.2025 की रात्रि में ड्राइवर गुलवदीन द्वारा मौका पाकर दूसरी चाभी लगाकर उक्त ट्रक (GJ16 Z9460) को चोरी कर थाना परिसर से अपने साथ ले गया। प्रतिदिन की भाँति जब हे0मु0 द्वारा दिनांक 29.08.2025 की सुबह वाहनों का निरीक्षण किया गया तो दिनांक 27.08.2025 को एआरटीओ द्वारा दाखिल उक्त ट्रक (GJ16 Z9460) अपनी स्थान पर खड़ा होना नहीं पाया गया, जिस पर हे0मु0 द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मु0अ0सं0 197/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त ट्रक की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की टीमें गठित की गयी। जिनके द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये ट्रक को बरामद करते हुए ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता- ट्रक ड्राइवर गुलबदीनखान पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी ग्राम देवली थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़

गिरफ्तारी का स्थान- ग्राम ढिकौली हाइवे रोड़ से सिद्ध बाबा मंदिर को जाने वाले तिराहे पर, थाना रक्सा, जिला झाँसी/दिनांक 29.08.2025

बरामदगी अभियुक्त- ट्रक (GJ16 Z9460)

पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री राहुल सिंह राठौर, थानाध्यक्ष रक्सा, जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार, गिरी थाना रक्सा, जनपद झाँसी
3. उ0नि0 श्री ओमवीर पाल, थाना रक्सा, जिला झाँसी
4. हे0का0 लोकेन्द्र सिंह, थाना रक्सा, जिला झाँसी
5. हे0कां0 धीरेन्द्र सिंह, थाना रक्सा, जिला झाँसी